an>

Title: Need to set up incubator centres in Bijnor for benefit of the students in getting employment opportunities.

कुँवर भारतेन्द्र सिंह (बिजनौर): अध्यक्षा जी, पश्चिम उत्तर प्रदेश में जनसंख्या का घनत्व अत्याधिक है। बेरोजगारी और जनसंख्या वृद्धि के कारण युवाओं में बेबसी और अपराध बढ़ता जा रहा है। स्टार्ट-अप इंडिया प्रोग्राम लांच होने के बाद सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय द्वारा नए उद्यमियों के कौशल और तकनीकी क्षमता को बढ़ाने का कार्य द्रुत गति से चालू किया गया है।

माननीय महोदया, इस वर्ष नेशनल स्मॉल इंडस्ट्रीज कॉरपोरेशन देश के विभिन्न राज्यों में नए इनक्यूबेशन सेंटर खोलने पर विचार कर रहा है। स्टार्ट-अप इंडिया प्रोग्राम में हाई टेक्नोलॉजी पर जोर को देखते हुए कॉरपोरेशन ने अपने इनक्यूबेशन सैंटर्स में रोबोटिक्स और आटोमेशन पर भी फोकस करना शुरू किया है। वैसे तो स्टार्ट-अप इंडिया में बड़े पैमाने पर स्किल डवलपमेंट और आंत्रप्रेन्योरशिप की बात कही है, लेकिन छोटे उद्यमियों के लिए खास इनक्यूबेटर्स सैंटर्स खोलने पर भी विचार हो रहा है। इस समय देश के विभिन्न हिस्सों में 90 इनक्यूबेटर्स सैंटर हैं जिनमें से 85 पीपीपी मॉडल और पांच सरकारी संरक्षण में चल रहे हैं।

महोदया, मैं सदन के माध्यम से माननीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग मंत्री जी से अनुरोध करता हूं कि एक इनक्यूबेशन सैंटर मेरे संसदीय क्षेत्र बिजनौर, उत्तर प्रदेश में भी खोला जाए जिससे मेरे संसदीय क्षेत्र एवं इसके आस-पास के छात्रों को अधिक से अधिक लाभ मिलेगा और उन्हें रोजगार के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे। यह घनी आबादी के क्षेत्र में बढ़ती हुई बेरोजगारी और अपराध को कम करने में सार्थक सिद्ध होगा।

माननीय अध्यक्ष : कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चंदेल को कुंवर भारतेन्द्र सिंह द्वारा उठाए गए विÂषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।